GODREJ FINANCE

Godrej

परिसंपत्ति वर्गीकरण अवधारणाएं

भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र संख्या RBI/DOR/2025-26/356 DOR.STR.REC.No.275/21.04.048/2025-26 दिनांक 28 नवम्बर 2025 – भारतीय रिजर्व बैंक (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां – आय की पहचान, एसेट वर्गीकरण और प्रावधान) निर्देश, 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित अवधारणाओं की व्याख्या की गई है:

देय तिथि – वह तिथि है जिस पर उधारकर्ता लोनदाता को अपनी देय राशि का भुगतान करता है। जीएफएल के उधारकर्ता के लिए, यह वह तिथि है जिस दिन उधारकर्ता के बैंक में मैंडेट प्रस्तुत किया जाता है और जो लोन अनुबंध में दर्ज होती है।

अतिदेय – अगर उधारकर्ता देय तिथि पर भुगतान नहीं करता है, तो खाते को अतिदेय कहा जाता है।

बकाया दिवस (डेज पास्ट ड्यू) – इसका अर्थ उन दिनों की संख्या से है जितने दिनों तक खाता अतिदेय रहता है।

एसएमए – इसका अर्थ स्पेशल मेंशन अकाउंट है और इन्हें बकाया दिनों की संख्या के आधार पर बकाया दिन पद्धति (डेज पास्ट ड्यू) की सहायता से ट्रैक किया जाता है। एसएमए के तहत तीन श्रेणियां होती हैं जो बकाया दिनों की संख्या से जुड़ी होती हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी लोन की देय तिथि 31 तारीख है और 31 मार्च 2021 को पहली किस्त का भुगतान नहीं किया जाता है, तो वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:

बकाया दिन (डीपीडी)	वर्गीकरण	समय पर
30 दिनों तक	SMA-0	31 मार्च 2021
30 दिनों से अधिक और 60 दिनों तक	SMA-1	30 अप्रैल 2021
60 दिनों से अधिक और 90 दिनों तक	SMA-2	30 मई 2021
90 दिनों से अधिक	एनपीए	29 जून 2021

एनपीए – का अर्थ नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स है और किसी टर्म लोन खाते के 90 दिनों की अवधि तक बकाया रहने पर उसे एनपीए माना जाता है। कुछ परिस्थितियों जैसे धोखाधड़ी, सुरक्षा में कमी आदि में, नियमित भुगतान करने वाला खाता भी लॉस एसेट के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, खाता एनपीए होने की सूचना सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों को दी जाती है।

एसेट का अपग्रेडेशन – अगर उधारकर्ता 90 दिनों तक भुगतान नहीं करता है और खाता एनपीए हो जाता है, तो संपूर्ण बकाया राशि चुकाने तक इसे मानक श्रेणी में ठीक नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, एनपीए के रूप में वर्गीकृत लोन खातों को मानक के रूप में तभी अपग्रेड किया जा सकता है, जब उधारकर्ता द्वारा ब्याज और मूलधन का संपूर्ण बकाया चुका दिया गया हो।

डे-एंड प्रोसेस - कंपनी की एक डे-एंड प्रोसेस है जो दिन के लिए बुक्स बंद करने की एक अकाउंटिंग प्रोसेस है। अगर देय तिथि पर राशि प्राप्त नहीं होती है तो खाता बकाया के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा और दिन के अंत में पर एसएमए / एनपीए घोषित किया जाएगा।

----- ****-----